जैव विविधता को ले प्रबंधन समितियों के अध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में शामिल अतिथि व पदाधिकारी.

छपरा (सदर). पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जैव विविधता के संरक्षण व सतत उपयोग के लिए जिला से लेकर पंचायत स्तर तक गठित 339 जैव विविधता प्रबंधन समितियों को अपने दायित्वों का निर्वहन आम जनों के परामर्श से करना होगा. ये बातें बिहार राज्य जैव विविधता परिषद के सचिव डॉ. के गणेश कुमार, जिला परिषद की अध्यक्ष जयमित्रा देवी, उपनिदेशक सुनील कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय वन संरक्षक मुजफ्फरपुर एके द्विदी, डीएफओ सारण रामसुंदर एम ने शुक्रवार को स्थानीय प्रेक्षागृह में सभी पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियों के अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद कही. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जैव विविधता प्रबंधन समिति तैयार करने हेतु तकनीकी सहायता उपलब्ध कराये जाने के लिए आयोजित किया गया है. इस अवसर पर उप निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने जैव विविधता समिति के कार्य, जैव विविधता पंजी के निर्माण आदि की चर्चा की. मुख्य वण संरक्षक एके द्विवेदी ने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन कमेटियों का गठन किया गया है. ऐसी स्थिति में जैविक विविधता का सतत उपयोग और दस्तावेजीकरण, आवासों का संरक्षण, भूमि प्रजातियों, लोक किस्म, पालतू जानवरो और सुक्ष्म जीवों के नश्लों का संरक्षण आदि कार्य करना है. इस दौरान सरकार द्वारा चलायी जा रही है. कृषि वाणिकी योजना अंतर्गत इस बसंत काल में ईटीपी पौधा लगाने हेतु किसानों को जागरूक करने की सलाह दी गयी.